## खबर संक्षेप

### राज्यपाल का जिले में एक दिवसीय प्रवास



बीजापुर। राज्यपाल रमेन डेका बीजापुर जिले में 18 जून को एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट के इन्द्रावती सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे एवं एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण भी करेंगे।

### महिला नगर सैनिकों की भर्ती परीक्षा 22 को

जगदलपुर। बस्तर संभाग के सातों जिले में बालिका आश्रम एवं छात्रावासों में रह रहे बालिकाओं के सुरक्षा व्यवस्था हेतु कुल-705 महिला नगर सैनिकों की भर्ती कार्यवाही में शारीरिक दक्षता में पास हुए सभी महिला अभ्यर्थियों को 22 जून को लिखित परीक्षा लिया जाएगा। सभी अभ्यर्थी का प्रवेश पत्र व्यापम के वेबसाइट पर उपलब्ध है। लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉग इन पेज से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है, साथ ही अभ्यर्थी अपने पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर प्राप्त एसएमएस के यूआरएल को लिंक करके भी सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है।

### तिलक लगाकर किया नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत



गीदम। दंतेवाड़ा जिले के गीदम ब्लॉक के माध्यमिक शाला बड़ेकरका में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के शिक्षक रघु कौशल की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत किया गया और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, शिक्षक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, रसोईया और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने नवप्रवेशी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और सभी ने छात्रों के अच्छे भविष्य की कामना की और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। शाला प्रवेश उत्सव के आयोजन से छात्रों में उत्साह और जोश का माहौल बना। इस दौरान प्रधान अध्यापक कर्मा, ठाकुर व अन्य शिक्षकों के साथ साथ गांव के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

### अविनाश जगदलपुर पूर्व के मण्डल अध्यक्ष बने

जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी के जगदलपुर पूर्व के मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव बनाये गये हैं।



प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की अनुशंसा व प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति से जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने आज जगदलपुर पूर्व मण्डल अध्यक्ष के रूप में अविनाश श्रीवास्तव के नाम की घोषणा की । श्रीवास्तव पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद का दायित्व का नर्विहन कर चुके हैं। जिला अध्यक्ष ने पार्टी की रीति नीति पर कर्मठता से काम करते हुये संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा की है।

## नोटिस देने के बाद प्रशासन ने की कार्रवाई

# नजूल भूमि से हटाया अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





नगर पंचायत गीदम और तहसीलदार गीदम की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पुराने बस स्टैंड के सामने वार्ड क्रमांक 3 में जे आर पैलेस के पीछे की नजूल भूमि से अवैध कब्जा हटाया। बताया जा रहा है कि तहसीलदार गीदम के द्वारा अवैध कब्जाधारकों को पहले ही नोटिस जारी किया था, लेकिन इसके बावजूद भी कब्जाधारकों ने भूमि खाली नहीं की थी। इसके बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई की।

■ अवैध कब्जाधारकों के खिलाफ जारी रहेगी कार्रवाई

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और अवैध कब्जाधारकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इससे क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी तुलसी प्रधान ने कहा कि गीदम क्षेत्र में नजूल की जमीन बहुत कम है जिसके कारण शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में कठिनाई हो रही है। इस कारण हमारा प्रयास है कि अब जो नजूल जमीन गीदम क्षेत्र में बची हुई है उसे बचाया जाए और उसका उपयोग शासकीय योजनाओं में किया जाए। उन्होंने बताया कि कार्रवाई से पहले कब्जेधारी को पूर्व में नोटिस दिया गया था और उन्हें कब्जा खाली करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था। कब्जा खाली नहीं करने के कारण यह कार्रवाई की गई है। इस संबंध में तहसीलदार गीदम किशन मिश्रा से संपर्क नहीं हो पाने के कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

## चिड़ईपदर में नाली विहीन सड़क बनी परेशानी का सबब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर ब्लॉक की ग्राम पंचायत टीकारालोहंगा के आश्रित ग्राम चिढ़ाई पदर में मूलभूत सुविधा की भारी कमी देखने को मिल रही है। संजू घर के पास स्थित चौक और उसके आसपास की सड़क पर गंदा पानी लगातार बह रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि गांव में नाली की व्यवस्था नहीं होने के कारण सारा गंदा पानी सड़क पर बहता है। इसके चलते चौक पर एक बड़ा गड्ढा बन गया है, जो राहगीरों व बाइक सवारों के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। आए दिन कोई न कोई व्यक्ति इस गड्ढे में गिरकर चोटिल हो रहा है।

ग्रामीणों ने कई बार इस समस्या की जानकारी ग्राम पंचायत के सरपंच को दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे लोगों में गहरी नाराजगी है। आवाजाही में लगातार बाधा आ रही है, और यह स्थिति बरसात के दिनों में और भी भयावह हो जाती है।

ग्रामीणों की मांग है कि संबंधित विभाग, ग्राम पंचायत और सरपंच मिलकर शीघ्र ही सड़क के दोनों ओर नाली का निर्माण करें, जिससे गंदे पानी की निकासी सुचारू हो सके और सड़क पर आवागमन सुरक्षित बनाया जा सके।

# स्टॉप डायरिया कैंपेन 31 जुलाई तक चलाया जायेगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



डायरिया से होने वाली मृत्यु दर को रोकने तथा जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्टॉप डायरिया कैंपेन का आयोजन 16 जून से 31 जुलाई तक किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में आज जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने सभी विभागों को समन्वय के साथ अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

■ जिला टास्क फोर्स की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित रखने के लिए मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर हाथ धोने की विधि, ओ.आर.एस. घोल बनाने की प्रक्रिया, जिंक की महत्ता, दस्त के दौरान मां के दूध के महत्व, तथा स्वच्छ शौचालय उपयोग की जानकारी देंगे।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी और आईपीडी वार्डों में ओआरएस-जिंक कॉर्नर स्थापित किए गए हैं। जल जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु क्लोरीन टेबलेट का वितरण भी किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में पिछले 3-4 महीनों में डायरिया से प्रभावित 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की जानकारी संकलित की जा रही है। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में ओआरटी कॉर्नर हेतु स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर ओआरएस और जिंक टेबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग स्कूलों में बच्चों के बीच हाथ धोना, स्वच्छ जल, वृक्षारोपण जैसे विषयों पर पोस्टर मेकिंग, निबंध, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा।

नगरपालिका एवं नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा कचरा निस्तारण, नालियों की नियमित सफाई तथा बाजार एवं झुग्गी बस्तियों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आमजन को हाथ धोने, कचरा न फैलाने और साफ-सफाई के लिए जागरूक किया जाएगा। वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए कचरे के सुरक्षित संग्रहण व परिवहन की विशेष व्यवस्था की जाएगी। सभी स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय और सामुदायिक शौचालयों को साफ-सुथरा बनाए रखने तथा सामुदायिक शौचालयों में 24 घंटे जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

**समन्वय से अभियान चलाया जाएगा**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि संबंधित सभी विभागों के समन्वय से यह अभियान चलाया जाएगा और जिले में डायरिया की रोकथाम के लिए व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य 0-5 वर्ष के बच्चों में डायरिया से होने वाली बीमारियों एवं मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर पर लाना है।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

# मैलावाड़ा और पोन्दुम में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत 15 जून से प्रारंभ हो चुका है। इस क्रम में जनपद पंचायत कुआकोंडा के ग्राम पंचायत मैलावाड़ा में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान जन जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत मैलावाड़ गोंगपाल हितावर बड़े हड़मा मुण्डा हल्बारास मुलेर के ग्रामीण शामिल हुए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामी, जनपद पंचायत कुआकोंडा के जनपद अध्यक्ष सुकालु मुडावी सहित अन्य जनप्रतिनिधि सुमित भदौरिया, पवन एवं सभी पंचायत के सरपंच एवं पंच गण उपस्थित रहे। मैलावाड़ा में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान जन जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर में विभिन्न विभागों के तहत कुल मांग 238 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 158 मांग का निराकरण किया गया है। तथा शेष लंबित मांगों के लिए समय सीमा निर्धारित की गई। इसके अलावा तत्कालीन लक्ष्य के अनुसार आधार कार्ड के 35, जनधन बैंक खाता के 4, आयुष्मान भारत कार्ड के 8, जाति प्रमाण पत्र के 23, राशन कार्ड के 43, पीएम किसान सम्मान निधि के 1, किसान क्रेडिट कार्ड के 5, पोस्ट ऑफिस खाता के 4, पोस्ट ऑफिस आधार के 6 प्रकरणों का निराकरण शिविर स्थल में किया गया। इसके अलावा सिकलसेल बीमारी की जांच के तहत 61, ग्रामीणों का परीक्षण किया गया। इसी प्रकार श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्ड प्रदाय योजना के तहत 15, ई.श्रम कार्ड 8 हितग्राहियों को कार्ड दिया गया। इस क्रम में ब्लॉक दंतेवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पोन्दुम में भी अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला पंचायत सदस्य कमला नाग, जनपद उपाध्यक्ष रमेश गावड़े, जनपद सदस्य कुणाल ठाकुर, रामू नेताम, संतनी ठाकुर के अलावा पोन्दुम, मटेनार, टेकनार, चितलूर के सरपंच उपस्थित रहे। शिविर में आयुष्मान कार्ड के 9, आधार कार्ड के 35 अपडेट और एक नया, 4 नए राशन कार्ड बनाए गए। साथ ही 20 हितग्राहियों को केसीसी कार्ड, एवं 6 बैंक खाते खोले गये। शिविर में जाति प्रमाण पत्र का 1, निवास प्रमाण पत्र का 3 और आय प्रमाण पत्र का 18 आवेदन, वृद्धा पेंशन के 3 और विधवा पेंशन के 4 आवेदन प्राप्त हुए जो निराकरण के प्रक्रियाधीन है।

# पदक विजेताओं का रेल्वे स्टेशन में शानदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय म्यूथाई चैंपियनशिप रोहतक (हरियाणा) में 5 स्वर्ण सहित 35 पदक जीतकर आज विशाखपट्नम से लौटे खिलाड़ियों और अधिकारी अब्दुल मोईम, नवीन कुमार का शानदार स्वागत जिला म्यूथाई संघ के महिला कोच सुमन राव के नेतृत्व में कोच सोनाली कुशवाह, अभिषेक अवस्थी ,भूपेश ठाकुर तथा शंकर श्रीवास ने रेल्वे स्टेशन में स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि जगदलपुर के 19 खिलाड़ियों में 2 खिलाड़ियों ने स्वर्ण, 7 ने रजत और 3 ने कांस्य पदक जीता। छत्तीसगढ़ के लिए पदक जीतने वाल जगदलपुर के पदक विजेताओं में स्वर्ण पदक कु आरवी अवस्थी तथा युवराज सिंह । रजत पदक कु अन्वी जैन, कु भुनेश्वरी महावीर, कु वेदांशी ठाकुर, कु खुशबू कश्यप, कु गीताक्षी श्रीवास, एलेक्स कुमार, वुक्केम विक्टर तथा लेनिन चैतन्य। कांस्य पदक जितने वाले खिलाड़ियों में कु गरिमा नाग, शौर्य सिंह ठाकुर, आदित्य युवराज का जोशीला स्वागत हुआ। लोगों ने जीत की शुमकामनाएं दी।

# वरिष्ठजनों के साथ दुर्व्यवहार न कर अच्छी तरह से देखभाल करें: कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निदेर्शानुसार 15 जून को विश्व वरिष्ठ दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गोविन्द नारायण जांगड़े प्रधान जिला न्यायाधीश ,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जगदलपुर के मार्गदर्शन पर ग्राम पंचायत बिलोरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन अंकिता कश्यप, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया ।अंकिता कश्यप ने उपस्थित ग्रामवासियों को बताया कि घर तथा समाज में वरिष्ठजनों से अच्छी सीख तथा मार्गदर्शन हमेशा मिलता है । वरिष्ठजनों के साथ दुर्व्यवहार न कर उनकी अच्छी तरह से देखभाल करने एवं उनके खान-पान, स्वास्थ्य तथा देखरेख में विशेष ध्यान रखने प्रेरित किया । शिविर में वरिष्ठजनों से संबंधित कानूनी जानकारियों बताते हुए उन्हें उनके अधिकार से भी अवगत कराया गया। साथ ही निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता हेतु टोल फ्री नंबर 15100 का लाभ लेने प्रेरित किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत बिलोरी के सरपंच, उपसरपंच तथा ग्रामवासियों के साथ-साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स शोभाराम बघेल , जगन्नाथ भारती ,घनश्याम पैगड़ ग्राम मटनार, श्रीराम कश्यप ग्राम बेलपुटी, यदुराम शार्दुल ग्राम एरंडवाल, नारायण सिंह ग्राम खोटलापाल, कु. मीना ठाकुर ग्राम इच्छापुर, गुलाब ठाकुर एवं होमेश मौर्य ग्राम कुम्हली, कु. सावित्री बेसरा धरमपुरा, कु. विनिता दास ग्राम मारकेल मौजूद थे।

■ बिलोरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

# नानगुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्था का आलम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




नानगुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 19 ग्राम पंचायतों की स्वास्थ्य सुविधाओं की जिम्मेदार है। यह जिला मुख्यालय से 18 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। यहां अव्यवस्था और स्टॉफ की कमी के चलते मरीजों को समय पर उचित उपचार नही मिल रहा । बी.एम.ओ. डॉ. जे. एल. दरियो से पूछने पर स्टाफ की कमी इसका कारण बताते हैं।

ग्रामीणों और उपसरपंच महेंद्र सेठिया ने बताया कि हॉस्पिटल में इलाज हेतु दवाओं का अभाव बता कर मरीजों को प्राइवेट मेडिकल स्टोर्स से दवा खरीदने को कहा जाता है। अधिकांश मामलों में मरीजों को डिमरापाल मेडिकल कालेज भेज दिया जाता है।

हॉस्पिटल पहुंच रहे मरीजों के साथ पदस्थ महिला डॉक्टर द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है एवं ग्रामीण मरीजों के साथ आये सहायकों के साथ भी अमानवीय व्यवहार किया जाता है। ग्रमीण क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति भी दयनीय है नियुक्त ए.एन.एम एवं मितानिनों की सेवाएं भी लचर स्थिति में हैं। इस संदर्भ में समय समय पर सीएमओ ,कलेक्टर, तक जानकारी महेन्द्र सेठिया (उप सरपंच ग्राम पंचायत नांगुर) के द्वारा दी जाती रही है। लेकिन अस्पताल के व्यवस्था को सुधारने के लिए किसी तरह का प्रयास नही किया जा रहा है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



धरमु माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक धरमपुरा में अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए एक भावुक एवं उल्लासपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर जूनियर छात्राओं ने अपने सीनियर्स के सम्मान में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें नृत्य, गीत और मंचन जैसी विविध प्रस्तुतियां शामिल रहीं। कार्यक्रम के समापन पर सभी के लिए सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया, जिससे इस दिन को और भी यादगार बना दिया गया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया गया। जयंती कश्यप को मिस पॉलिटेक्निक के खिताब से नवाजा गया, वहीं मिस ईवनिंग का खिताब आकांक्षा दीक्षित ने प्राप्त किया। मिस ब्रिलिएंट का सम्मान प्रज्ञा दास को मिला और मिस बेस्ट ड्रेसअप का खिताब हुस्नेआरा खान को प्रदान किया गया। समारोह के दौरान अंतिम वर्ष की छात्राओं ने मंच पर आकर अपने तीन वर्षों की कॉलेज यात्रा को साझा किया। उन्होंने बताया कि यह संस्थान उनके जीवन के निर्माण में एक मजबूत नींव साबित हुआ है, जिसने उन्हें न केवल तकनीकी रूप से दक्ष बनाया बल्कि आत्मविश्वास से भरकर भविष्य और करियर की दुनिया में प्रवेश करने के लिए तैयार किया है। छात्राओं ने शिक्षकों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके सतत मार्गदर्शन, समर्थन और समर्पण ने उन्हें बेहतर इंसान बनने में मदद की है। इस आयोजन प्राचार्य श्री त्रिवेदी, व्याख्याता हेमचंद्र देवांगन एवं बीएल देवांगन द्वारा प्रस्तुत विशेष गीतों ने समां बांध दिया और उपस्थित सभी जनों को भाव-विभोर कर दिया।

■ छात्राओं का भावुक, उल्लासपूर्ण विदाई समारोह

**संस्थान को परिवार समझें**

प्राचार्य एसके त्रिवेदी ने छात्राओं को संदेश में कहा कि वे इस संस्थान को हमेशा अपना घर और परिवार समझें। उन्होंने सभी छात्राओं को भविष्य में संस्थान से जुड़े रहने की सलाह दी, विशेषकर प्लेसमेंट एवं करियर से संबंधित विषयों के लिए। उन्होंने यह भी कहा कि छात्राएं जब भी इस संस्थान को याद करें, उन्हें आत्मीयता और गौरव का अनुभव हो।



# विनोबा एप के माध्यम से शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतिक जैन के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग व समग्र शिक्षा द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसमें विनोबा एप में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 शिक्षकों को मंगलवार को कलेक्टर हरिस ने अपने कक्ष में पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इनमें साइदा खान,कामेश्वरी कश्यप, राजेश्वरी सलाम, उमाशंकर साहू एवं प्रमोद कुमार मारवी शामिल थे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल एवं जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा अखिलेश मिश्र और विनोबा एप की प्रभारी ईशा सिंह उपस्थित थें।

